# भोपाल समेत 14 कलेक्टर बदले

## गुरुवार देर रात 26 आईएएस के तबादले, एक संभागायुक्त भी बदले

- प्रियंक मिश्रा अब भोपाल के नए कलेक्टर
- कौशलेन्द्र विक्रम सिंह अब सचिव मुख्यमंत्री पदस्थ

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच गुरुवार को दिन में सुशासन भवन में लगभग ढाई घंटे चले मंथन का नतीजा देर रात को ही सामने आ गया.**

पिछले एक माह से बहुप्रतीक्षित प्रशासनिक सर्जरी की पहली किस्त आखिर आ ही गई. इस प्रशासनिक सर्जरी में भोपाल सहित 14 जिलों के कलेक्टर बदल दिए गए हैं, वहीं नर्मदापुरम संभागायुक्त को हटा दिया गया है. धार के मौजूदा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा अब भोपाल के नए कलेक्टर होंगे, वहीं अब तक भोपाल कलेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मुख्यमंत्री सचिवालय में आमद हो गई है. उन्हें सचिव मुख्यमंत्री की बड़ी जिम्मेदारी गई है. ताजा फेरबदल में 26 आईएएस प्रभावित हुए हैं.

प्रशासनिक तबादले में भोपाल के अलावा शिवपुरी, रीवा, उमरिया, बैतूल, धार, नर्मदापुरम, मंडला, सागर, सिवनी, झाबुआ, मैहर, दमोह और श्योपुर जिले के कलेक्टर बदल दिए गए हैं. 6 कलेक्टर ऐसे रहे हैं जो कलेक्टरी बचाने में कामयाब रहे हैं, उन्हें एक से दूसरे जिले में भेजा गया है. इनमें प्रियंक मिश्रा के अलावा प्रतिभा पाल, नरेंद्र कुमार रघुवंशी, सोमेश मिश्रा, नेहा मीना और अर्पित वर्मा शामिल हैं. वहीं बाकी की मैदानी पदस्थापना से वापसी हो गई है. इस बीच 7 आईएएस को पहली बार कलेक्टर बनाया गया है. इनमें वर्ष 2015 बैच के तीन, वर्ष 2016 बैच के एक और वर्ष 2017 बैच के तीन आईएएस शामिल हैं. कृष्ण गोपाल तिवारी को संभागायुक्त नर्मदापुरम से हटाने के बाद यहां श्रीकांत बनोठ को नर्मदापुरम संभाग का नया संभागायुक्त बनाया गया है.

**सीएम-सीएस के बीच ढाई घंटे की बैठक में दिया गया**

**सूची को अंतिम रूप :** इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच सुशासन भवन में लगभग ढाई घंटे तक बैठक चली. डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास और मंत्रालय से इतर दोपहर को लगभग डेढ़ बचे सुशासन भवन पहुंचे. यहां वे ढाई घंटे से ज्यादा समय तक रहे. यहां पहले ही मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित मुख्यमंत्री सचिवालय और सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़े आला अधिकारी मौजूद थे.

यहां पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव ने तबादलों की सूची पर विस्तार से चर्चा की. यहां बता दें कि सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने पहले ही संभावित तबादले के लिए अफसरों के नामों के प्रस्ताव तैयार कर लिये थे, जिसे मुख्य सचिव को भेज दिया गया था. मुख्य सचिव के यहां प्रस्ताव लगभग एक माह से पड़ा हुआ था. आखिरकार अब मैदानी अफसरों को इधर से उधर किया गया है. ये सिलसिला फिलहाल चलते रहने की संभावना जताई गई है.


प्रियंक मिश्रा


कौशलेन्द्र विक्रम सिंह

### तबादला सूची इस प्रकार है.

| अधिकारी – | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| गोपाल कृष्ण तिवारी | आयुक्त नर्मदापुरम संभाग | आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण |
| शिल्पा गुप्ता | आयुक्त लोक शिक्षण | सचिव गृह विभाग |
| अभिषेक सिंह | सचिव गृह विभाग | आयुक्त लोक शिक्षण |
| श्रीकांत बनोठ | आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल | आयुक्त नर्मदापुरम संभाग |
| कौशलेन्द्र विक्रम सिंह | कलेक्टर भोपाल | सचिव मुख्यमंत्री व आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश अतिरिक्त प्रभार |
| रवीन्द्र कुमार चौधरी | कलेक्टर शिवपुरी | अपर सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग |
| प्रतिभा पाल | कलेक्टर रीवा | कलेक्टर सागर |
| राजीव रंजन मीना | आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त, संचालक बजट | कलेक्टर धार |
| धरणेन्द्र कुमार जैन | कलेक्टर उमरिया | अपर सचिव विमानन विभाग |
| नरेन्द्र कुमार रघुवंशी | कलेक्टर बैतूल | कलेक्टर रीवा |
| प्रियंक मिश्रा | कलेक्टर धार | कलेक्टर भोपाल |
| सोनिया मीना | कलेक्टर नर्मदापुरम | अपर सचिव वित्त विभाग |
| सोमेश मिश्रा | कलेक्टर मंडला | कलेक्टर नमदापुरम |
| संदीप जी.आर. | कलेक्टर सागर | श्रम आयुक्त मप्र इंदौर |
| शीतला पटले | कलेक्टर सिवनी | सचिव मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर |
| नेहा मीना | कलेक्टर झाबुआ | कलेक्टर सिवनी |
| रीना बाटड | कलेक्टर मैहर | उप सचिव सहकारिता विभाग |
| सुधीर कुमार कोचर | कलेक्टर दमोह | उप सचिव मुख्यमंत्री, ईडी एप्को |
| अर्पित वर्मा | कलेक्टर श्योपुर | कलेक्टर शिवपुरी |
| राखी सहाय | सचिव मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर | कलेक्टर उमरिया |
| शीला दाहिमा | उप सचिव सहकारिता विभाग | कलेक्टर श्योपुर |
| बिदिशा मुखर्जी | उप सचिव पीएचई | कलेक्टर मैहर |
| प्रताप नारायण यादव | उप सचिव मछुआ कल्याण, मत्स्य विकास विभाग | कलेक्टर दमोह |
| राहुल नामदेव धोटे | उप सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग | कलेक्टर मंडला |
| डॉ. योगेश तुकाराम भरसट | सीईओ आयुष्मान भारत भोपाल | कलेक्टर झाबुआ |
| डॉ. सौरभ संजय सोनवणे | आयुक्त नपानि रीवा | कलेक्टर बैतूल |

### अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी पीएस सोनानी पोंक्षे वायंगणकर

कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर केवल आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मप्र भोपाल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी. इसी तरह सुधीर कुमार कोचर द्वारा नया दायित्व संभालने पर दीपक आर्य केवल कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे. वहीं संदीप जी.आर. द्वारा नया कार्यभार संभालने पर तन्वी हुड्डा केवल श्रम आयुक्त के अतिरिुक्त प्रभार से मुक्त होंगी. इसी क्रम में धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा नया दायित्व संभालने पर कैलाश बुंदेला केवल उप सचिव विमानन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

## एनएसयूआई ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

**भोपाल 9 अप्रैल.** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का 56वां स्थापना दिवस राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने किया, जिनके नेतृत्व में ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी उपस्थित रहे. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा पर चलने, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने तथा सामाजिक न्याय के मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया. प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव छात्रों का मौलिक अधिकार है, जिसे बहाल कराने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम में मोईन सिद्दीकी, आकाश शर्मा, आदित्य सोनी, वरुण कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. समापन राष्ट्रगान से हुआ.

## तालाब के कैचमेंट एरिया से आज हटेंगे अतिक्रमण

**भोपाल, 09 अप्रैल.** राजधानी के बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण की कार्रवाई कल 10 अप्रैल से शुरू की जा रही है तो लगातार चलती रहेगी. यह अतिक्रमण की कार्रवाई बैरागढ़ तहसील वृत्त के अंतर्गत कोहेफिजा खानूगांव से शुरुआत होगी, जो बैरागढ़ से आगे तक चलेगी. राजधानी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई. कोलार तहसील के अंतर्गत आने वाले 11 मील भोजपुर रोड पर शासकीय भूमि पर गुरुवार को अतिक्रमण को हटाया. इस भूमि पर कब्जा कर दीवार का निर्माण किया गया था जिसे जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई की गई. वहीं सलैया में सड़क पर अवैध रूप से बनाई गई दीवार को भी तोड़नें की कार्रवाई की.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी

### निविदा सूचना

**निविदा आमंत्रण क्र. 01/1369/व.ले.लि./2026-27** — **सिवनी, दिनांक 7/4/2026**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_498093 | उपसंभाग केवलारी के अंतर्गत केवलारी खेड़ा टालाटाली मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य. | प्रथम | 15000 | 205.08 लाख | 205100 | 06 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर |
| | | **योग 1 कार्य** | | | **205.08 लाख** | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24/4/2026 (17.30 बजे) निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि/20, भोपाल दिनांक 3/11/2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नहीं किए जावेंगे. सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन ही अपलोड किए जाएंगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा.

इलेक्ट्रानिक ईएमडी (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से स्वीकार किए जावेंगे. इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप में ईएमडी (धरोहर राशि) स्वीकार नहीं की जावेगी.

(इंजी. आर.के. हनुमंते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी

G11261/26



## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मंडल शहडोल

कार्यालय पता- तहसील ऑफिस के बगल में, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल
दूरभाष- 07652-240784, ई-मेल- seressd18@gmail.com

क्रमांक/229/ई-निविदा/ग्रायांसेवा/2026 — शहडोल, दिनांक 31/3/2026

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2025-26

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनूपपुर/ शहडोल के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र अपेंडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एसओआर, जो कि निम्नलिखित कॉलम क्र. 12 में दर्शित है, के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है. आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाइन देखी जा सकती हैं, जो कि प्रकाशित नहीं की जावेंगी.) विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेंडर आईडी नंबर | कार्य का नाम | विकासखंड | निविदा लागत (PAC) (रु. में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि (रु. में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीय पंजीकरण व्यवस्था के अंतर्गत) | आमंत्रण क्रमांक | ग्रायांसे में लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनूपपुर | 2025_RES_496003 | ग्राम पंचायत परासी में मंगल भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित | अनूपपुर | 4041000 | 50000 | 5000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 2. | अनूपपुर | 2025_RES_496004 | ग्राम पंचायत बुढानपुर में अवधिया स्वर्णकार मंगल भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित | कोतमा | 4041000 | 50000 | 5000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 3. | शहडोल | 2025_RES_496005 | सामुदायिक (अवन्ती) भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित ग्राम जमुई | सोहागपुर | 3870000 | 50000 | 5000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 4. | शहडोल | 2025_RES_496006 | बेलहाटोला में घियारी टोला मार्ग पर सरईया नाला में पुलिया निर्माण कार्य ग्राम पंचायत खाम्हा | गोहपारू | 4567000 | 50000 | 5000 | 180 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 5. | शहडोल | 2025_RES_496007 | शासकीय हाई स्कूल नकुनी में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | ब्यौहारी | 4750000 | 50000 | 5000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 6. | शहडोल | 2025_RES_496009 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बरौधा में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | ब्यौहारी | 5951000 | 59510 | 10000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |
| 7. | शहडोल | 2025_RES_496010 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल एक्सीलेंस ब्यौहारी में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रयोगशाला निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | ब्यौहारी | 7758000 | 77580 | 10000 | 270 दिन | केन्द्रीय नवीन पंजीकरण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.4.22 |

1. निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates):-

| | |
|---|---|
| (1) Date of Publishing of Tender | 15.4.2026 (11.00 AM) |
| (2) Document Download/ Sales Start Date | 16.4.2026 (11.00AM) |
| (3) Document Download/ Sales End Date | 22.4.2026 (05.30 PM) |
| (4) Technical Bid Submission End Date | 22.4.2026 (05.30 PM) |
| (5) Bid Opening Date | 24.4.2026 (11.00 AM) |

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मंडल, शहडोल (म.प्र.)

G11234/26


## मुख्यमंत्री से मिलीं क्रिकेटर क्रांति गौड़

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ ने सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर खेल संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिकेटर क्रांति गौड़ को आगे भी इसी तरह राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वाद दिया.

## महिला सशक्तिकरण को और गति मिलेगी : सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में बढ़ाए कदमों का स्वागत किया है.**

आगामी 16 अप्रैल को संसद की बैठक हो रही है. इस बैठक और विशेष सत्र का आयोजन महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण की इस यात्रा को अभूतपूर्व गति मिलेगी.

हमारी बेटियां आज हवाई जहाज उड़ा लेती हैं और अंतरिक्ष में भी जाती हैं. सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग व्यवसाय के संचालन, पर्यटक स्थलों पर होम-स्टे के संचालन, टोल टैक्स की वसूली और नगरों एवं ग्रामों में मेयर और सरपंच जैसे पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनकल्याण के कार्यों में बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं. मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री के महिला सशक्तिकरण के मंत्र पर निरंतर कार्य हो रहा है.

## जन उत्सव के रूप में मनेगा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अप्रैल. राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आगामी 10 से 25 अप्रैल तक प्रदेशव्यापी नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है.**

इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रावधानों से आम जनता को अवगत कराना और महिला नेतृत्व का उत्सव मनाना है. राज्य शासन द्वारा जन-उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश जारी किए है. अभियान का शंखनाद राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में होगा, जहां प्रबुद्धजनों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा.

इसके साथ ही प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों और छिंदवाड़ा, खरगोन एवं मंदसौर जिला मुख्यालयों पर भव्य नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होंगे. इन कार्यक्रमों में महिला सांसदों, विधायकों, महापौर और पंचायत प्रतिनिधियों सहित सफल महिला उद्यमियों को सम्मानित कर उनके अनुभवों को साझा किया जाएगा.

**पदयात्रा और युवा शक्ति का जुड़ाव:** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में नारी शक्ति पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज की प्रबुद्ध महिलाएं सहभागिता करेंगी. पखवाड़े का एक महत्वपूर्ण पड़ाव 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती होगा.

## पहले दिन 10 किसानों से 437 क्विंटल गेहूं खरीदी

**भोपाल.** जिले में गुरुवार से गेहूं खरीदी का कार्य शुरू हो गया. यह खरीदी मुगालिया कोट में स्थित स्टील साइलो पर की गई. जिसमें सबसे पहले परवलिया निवासी किसान से 55 क्विंटल गेहू खरीदी गई. उसके बाद पूरे दिन चली तुलाई में 10 किसानों से 437 क्विंटल की खरीदी की जा सकी. बता दें कि वैसे 10 अप्रैल से खरीदी की शुरुआत होना थी लेकिन प्रशासन और किसानों की शिकायतों को लेकर एक दिन पहले से खरीदी शुरू की गई.

**गुहार** | वेतन भुगतान की मांग की तो किया जा रहा है प्रताड़ित

# पत्नी बीमार फिर भी रायसेन में लगा दी ड्यूटी

- नगरपालिका कर्मचारियों में असंतोष

**मंडीदीप, 09 अप्रैल. नगर पालिका मंडीदीप में समय पर वेतन सहित ईएसआई, पीएफ की मांग करने वाले सफाई कर्मचारियों सहित श्रमिक नेताओं को प्रताड़ित करने का सिलसिला थम नहीं रहा है.**

नपा ने कुछ दिन कर्मचारियों का साथ देने वाले श्रमिक नेता सुरेश श्रीवास्तव को अतिक्रमणकर्ता बताते हुए अवैध निर्माण तोड़ने का आदेश दिया था. अभी यह मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि नपा के दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारी अमित गोहट को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. अमित की पत्नी दो महीने से बीमार है. घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं, फिर भी स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान ने उसकी ड्यूटी रायसेन जिला मुख्यालय पर लगा दी. दरअसल रायसेन में आयोजित दो दिवसीय कृषि महोत्सव के लिए 10 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी मांगी गई थी, लेकिन जावेद खान ने उन कर्मचारियों को इस लिस्ट में डाल दिया जिन्होंने हाल ही में रुके हुए वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था.

पीड़ित कर्मचारी अमित गोहट ने इस ज्यादती को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दिया है. इस वीडियो में वे साफ आरोप लगाते हुए कहते हैं कि स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान द्वेषपूर्ण भावना से उन्हें परेशान कर रहे हैं. जब इस मामले में जावेद खान से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी नपा का विरोध करता है उसे नौकरी करने का कोई अधिकार नहीं है. यह बयान नगर पालिका कर्मचारियों में आक्रोश पैदा कर रहा है.



### इनका कहना है

मैं पूरे समय ऑफिस में बैठता हूं. अगर किसी कर्मचारी को कोई दिक्कत या परेशानी थी मुझे बताना चाहिए था. मैं स्वछता निरीक्षक के बयान से सहमत नहीं हूं.

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/235 / ई-टेण्डरिंग/2025-26 — सिंगरौली, दिनांक 09/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_498257_1 | 07-04-2026 | Construction of Chhat Ghat and Talab beautification Belauha Tola Ward No.29 | 2 Months | 19,61,470 | 2,000 | 39,229 | 07/05/2026 |
| 2 | 2026 UAD_498178_1 | 07-04-2026 | Construction of Talab near Green City Deora | 2 Manths | 29,18,460 | 5,000 | 50,000 | 07/05/2026 |
| 3 | 2026_UAD_498167_1 | 07-04-2026 | Development of Pand Under Jal Ganga Samvardhan Abhiyan Ward No.43 Near Mayar River | 2. Months | 6,58,449 | 2,000 | 13,169 | 21-04-2026 |
| 4 | 2026 UAD_498136_1 | 07-04-2026 | Development of Pond Under Jal Ganga Samverdhan Abhiyan at Ward No.44 Near Conveyar Vishwabharam Dwivedi House | 2 Months | 8,23,061 | 2,000 | 16,461 | 21-04-2026 |
| 5 | 2026 UAD_498116_1 | 07-04-2026 | Construction of Chhat Ghat and Talab Beautification Chandrama Tola Ward no.29 | 2 Months | 33,26,716 | 5,000 | 50,000 | 07-05-2026 |
| 6 | 2026_UAD_498019_1 | 07-04-2026 | Construction of PCC Road at Ramashankar Rajak to Sitaram Rajak house at ward no.21 | 2 Menths | 19,45,416 | 2,000 | 38,908 | 07-05-2026 |
| 7 | 2026 UAD_497996-1 | 07-04-2026 | Construction of new Drain Single Side at ward no.31 | 2 Months | 16,92,844 | 2,000 | 33,857 | 07/05/2025 |
| 8 | 2026_UAD_497706_ 1 | 06-04-2026 | Supply of 02 Nos. Vaccum based Diesel truck mounted Mechanized Road Sweeping Machine BSVI 4.0 CUMCapacity in Municipal Corporation Singraull, Ivth Call | 1 Month | 95,50,000 | 10,000 | 95,500 | 21-04-2026 |
| 9 | 2026_UAD_ 497650_ 1 | 06-04-2026 | Supply and Fixing OPEN GYM Equiment in B Type Park and Purana Minus Park in Ward No.27 | 1 Month | 19,75,934 | 2,000 | 39,519 | 07/05/2026 |
| 10 | 2026 UAD_497644_ 1 | 06-04-2026 | Construction of PCC Road Near Sanjeevani Clinic at Ward No.12 Simplex colony | 2 Months | 41,27,560 | 5,000 | 50,000 | 07/05/2026 |
| 11 | 2026 UAD_497607_1 | 06-04-2026 | Construction of Interlocking at Ward No.20 | 2 Months | 12,25,326 | 2,000 | 24,307 | 07-05-2026 |
| 12 | 2026 UAD_ 497563_1 | 06-04-2026 | Construction of PCC Road at Abhijeet Singh house to ramchritra house ward no.21 | 2 Months | 30,12,441 | 5,000 | 50,000 | 07/05/2026 |
| 13 | 2025 UAD_497523_1 | 06-04-2026 | HDCP tile work for Backlane in Municipal Corporation Singrauli | 2 Months | 32,42,897 | 5,000 | 50,000 | 07/05/2026 |
| 14 | 2026_UAD_497496_1 | 06-04-2026 | Construction Of Shed and interlocking Near Govt. Primary School Ward No. 15- 2nd Call | 2 Months | 17,64,118 | 2,000 | 35,282 | 30-04-2026 |
| 15 | 2026 UAD_497483_ 1 | 06-04-2026 | Providing and Laying Plastic Speed Breaker at Ward No 39-2nd Call | 2 Months | 2,10,000 | 2,000 | 4,200 | 30-04-2026 |
| 16 | 2026 UAD_497463 _1 | 06-04-2026 | Construction of RCC Drain from Ramlalu Saket to Harishanka House and Soni Saket to Pappu Verma at Ward No.29 | 2 Months | 25,97,700 | 5,000 | 50,000 | 07/05/2026 |
| 17 | 2026 UAD_ 497414_1 | 06-04-2026 | Supply of PVC Wire 2.5 MM, 10 MM, XLPE Insulated Power Cable, and Supply, Erection, Testing of Electric Celling Fan II call | 2 Months | 39,90,160 | 5,000 | 50,000 | 21-04-2026 |
| 18 | 2026 UAD_496919_1 | 02-04-2026 | Construction of Shed and Renovation of Samuraik bhawan ward no.25 | 2 Months | 12,60,711 | 2,000 | 25,214 | 04/05/2026 |
| 19 | 2026 UAD_496892_ 1 | 02-04-2026 | DTH Bore and HP Installation at Ward No.44 Under Municipal Corporation Area | 2 Months | 7,00,620 | 2,000 | 14,012 | 16-04-2026 |
| 20 | 2026 UAD_496860_ 1 | 02-04-2026 | LT and HT Laying electrification work at various places in ward No.29 | 2 Months | 25,34,278 | 5,000 | 50,000 | 04/05/2026 |
| 21 | 2026 UAD_496823_ 1 | 02-04-2026 | Renewal of Vehicles HSRP, Registration, Fitness and Other Related Works | 1 Month | 2,76,000 | 2,000 | 5,520 | 16-04-2026 |

**नोट:**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सिंगरौली